सभी जातियों के लिये | निर्देश को ध्यानपूर्वक पूरा अवश्य पढे | मूल्य-30-रू. | अन्तिम तिथि: 30 सितम्बर 2024

# THE INDIAN ARMY (SPORTSPERSON)

# भारतीय थल सेना

## INDIAN ARMY SPORTS QUOTA INTAKE 02/2024

# हवलदार, नायब सूबेदारों की भर्ती

**योग्यता- दसवीं पास** | **महिला/पुरूष** | **Offline** | **आवेदन शुल्क कुछ नहीं**

रोजगार सूचनाओं के लिए टेलीग्राम से जुड़ें- @rojgarexpressofficial

**भारतीय थलसेना द्वारा हवलदार व नायब सूबेदार के पदों पर भर्ती के लिये अविवाहित भारतीय पुरूष व महिला नागरिकों से खेल कोटा में आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाते आमन्त्रित किए जाते हैं। इन पदों पर भर्ती के लिये आवश्यक योग्यता व शर्तें निम्नवत हैं :-**

**पद का नाम :** हवलदार, नायब सूबेदार (किसी एक पद के लिये आवेदन करें) **शैक्षणिक योग्यता :** दसवीं पास

**आयु सीमा :** आवेदक का जन्म 01 **अक्टूबर** 1999 को अथवा उसके बाद तथा 30 **सितम्बर** 2006 को अथवा उससे पहले हुआ हो। (साढ़े 17½ से 25 वर्ष के बीच)

**शारीरिक स्तर :** हरियाणा, पंजाब, चण्डीगढ, दिल्ली, राजस्थान व पश्चिम उत्तर प्रदेश (मेरठ व आगरा डिवीजन) के **पुरूष** आवेदकों का कद 170 सेमी, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखण्ड व उड़ीसा के लिये 169 सेमी, मध्य प्रदेश, छतीसगढ, गुजरात, महाराष्ट्र, दादरा नगर हवेली, दमन व द्वीव के लिये 168 सेमी, आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, गोआ व पुद्दुचेरी, अण्डमान व निकोबार के लिये 166 सेमी, गोरखा व लद्दाखी 157 सेमी तथा अन्य राज्य व क्षेत्रों तथा सम्पूर्ण विवरण के लिये विभागीय विज्ञप्ति देखें। महिला आवेदक का कद 162 सेमी हो। सभी आवेदकों का वजन कद के अनुपातिक होना चाहिये तथा आवेदकों के सीने में कम से कम 5 से.मी का फुलाव होना चाहिये । पुरूष आवेदको को 1600 मीटर की दौड 5 मिनट 45 सैकेण्ड में पूरी करनी होगी तथा जीग-जैग ब्लेंस व 9 फीट खाई कूदनी होगी। महिला आवेदकों को 1600 मीटर की दौड 8 मिनट में तथा 10 फीट लम्बी कूद व 3 फीट ऊँची कूद की परीक्षा में अर्हता प्राप्त करनी होगी।

**डाक द्वारा आवेदन भेजने का पता:** भर्ती के लिये इच्छुक उम्मीदवारों को आवेदन पत्र 30.9.2024 (सायं 05.00 बजे तक) या उससे पहले आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर केवल दसवीं (जन्म तिथि सत्यापन हेतु) व खेल प्रमाण पत्र की प्रति सहित सहित अन्तिम तिथि तक निम्न पते भेजे -

**Directorate of PT & Sports General Staff Branch**
**IHQ of MoD (Army)Room No 747 'A' Wing,**
**Sena Bhawan PO New Delhi -110 011**

के पते पर आवश्यक दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित प्रतियों सहित व्याक्तिगत रूप से या डाक के माध्यम से पंहुच जाये।

भर्ती के लिये आते समय साथ लाने वाले मूल दस्तावेज व अन्य प्रमाण पत्र:

1) शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र । यदि दसवीं ओपन स्कूल से है तो स्कूल छोडने का प्रमाण पत्र EO/DEO से प्रतिहस्ताक्षरित हो ।
2) यदि आरक्षित वर्ग से सम्बन्धित हैं तो तहसीलदार या जिला मैजिस्ट्रेट द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र ।
3) निवास प्रमाण पत्र जो तहसीलदार या जिला मैजिस्ट्रेट से जारी हो ।
4) धर्म प्रमाण पत्र (यदि जाति प्रमाण पत्र में धर्म का उल्लेख न हो तो)
5) 20 फोटोग्राफ जिनका बैकग्राउण्ड सफेद हो तथा जो 1 माह से अधिक पुराने न हो । (बाल कटे हुए हो तथा क्लीन शेव हो)
6) स्कूल प्रिंसीपल या हैडमास्टर द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र
7) ग्राम प्रधान या नगर निगम द्वारा जारी अविवाहित होने का प्रमाण पत्र (सत्यापित फोटो सहित) जो 6 माह से अधिक पुराना न हो।
8) ग्राम प्रधान या नगर निगम द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र (सत्यापित फोटो सहित) जो 6 माह से अधिक पुराना न हो।
9) आधार कार्ड तथा खेल किट ।
10) भारतीय सेना या अन्य किसी सरकारी संगठन में सेवारत या सेवानिवृत सरकारी संगठन में से या सेवानिव होने पर मूल डिस्चार्ज प्रमाण/ NOC व उसकी 4 फोटो प्रतियाँ ।

**अन्य सामा अन्य सामान्य शर्तें व निर्देश (ध्यान देवें)**

1. आवेदन वाले लिफाफे पर DIRECT ENTRY HAVILDAR AND NAIB SUBEDAR (SPORTS) INTAKE 02/2024 ,SPORTS NAME ....... अवश्य लिखें।
2. आवेदन करने से पूर्व विभागीय विज्ञापन को पूरा ध्यानपूर्वक अवश्य पढ लें तथा उसेही सही समझे। सभी प्रकार से योग्य होने पर ही आवेदन करें।
3. खेल ट्रायल के लिये केवल चयनित आवेदको को उनके ई-मेल पर सूचित किया जाएगा । अतः अपना ई-मेल समय-समय पर चैक करते रहें ।
4. फोटो 1 माह से अधिक पुराना न हो तथा फोटो का बैकग्राउण्ड सफेद हो
5. पुरूष आवेदक एथलेटिक्स, आर्चरी, बास्केटबाल, बाक्सिंग, गोताखोर,फुटबाल, फेंसिंग, जिम्नास्टिक,हॉकी, हैण्डबाल, कबड्डी, कायकिंग व कोनिंग,तैराकी,शूटिंग,सेलिंग,ट्राइथलान, वालीबाल, वेट लिफ्टिंग,रेसलिंग, रोइंग या विंटर गेम्स में से किसी भी खेल का खिलाडी हो । महिला आवेदक एथलेटिक्स, आर्चरी,शूटिंग, सेलिंग, या कुश्ती में से किसी खेल की खिलाडी हो । खेल स्तर, स्थिति, श्रेणीं व अन्य सभी विवरण के लिये विभागीय विज्ञापन का अवलोकन करे व उसी आधार पर आवेदन करें। आवेदक ने अन्तर्राष्ट्रीय/जूनियर या सीनियर राष्ट्रीय चौम्पियनशिप/खेलो इण्डिया गेम/युवा खेलों में 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2024 तक उक्त में से किसी भी खेल में उपलब्धि प्राप्त की होनी चाहिये । अधिक जानकारी के लिये https://joinindianarmy.nic.in देखे । किसी भी त्रुटि के लिये प्रकाशक या विक्रेता जिम्मेवार नहीं होगा । यद्यति निर्देश को प्रकाशित करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है तथापि विभाग द्वारा विज्ञापित सूचना को ही अधिकृत व सही समझा जाए। यह विज्ञप्ति केवल आवेदको के सूचनार्थ है, अधिकारिक उपयोग हेतु नहीं । विभागीय विज्ञप्ति ही अधिकारिक समझी जाए ।

PRASHANT PRAKASHAN Bulandshahr 8279396027

सभी ऑफलाइन आवेदन पत्र इस वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं
https://rojgarexpress.co.in

ध्यान दें- यदि आपके जिले में या आपके लोकल समाचार पत्र में किसी भी भर्ती का विज्ञापन प्रकाशित हुआ है तो उसे हमारे व्हाटसअप नम्बर 8279396027 पर भेजे। बेवजह के मैसेज या व्हाट्सअप काल करने पर आपको बिना सूचना के ब्लॉक कर दिया जाएगा।

रोजगार सूचनाओं के लिए टेलीग्राम से जुड़ें- @rojgarexpressofficial